**PO/MT-VIII-18**

इन्स्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग
पर्सोनेल सिलेक्शन

सहभागी संस्थाओं में
परिवीक्षाधीन अधिकारियों/प्रबंध प्रशिक्षुओं की
ऑनलाइन परीक्षा के लिए सूचना पुस्तिका

## I. परिचय

हमें प्रसन्नता है कि आपने सहभागी संस्थाओं में परिवीक्षाधीन अधिकारियों/प्रबंध प्रशिक्षुआ की भर्ती के लिए हमारे विज्ञापन के प्रत्युत्तर में आवेदन किया।

1. जिस ऑनलाइन परीक्षा में आप बैठ रहे हैं उससे संबंधित विभिन्न पहलुओं तथा संबंधित मामलों के बारे में महत्त्वपूर्ण अनुदेश इस पुस्तिका में दिए गए हैं। **उत्तरों की जांच ऑनलाइन की जाएगी अतः आप उत्तर दर्शाने के अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।** आपको सलाह दी जाती है कि इस पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें क्योंकि यह आपको परीक्षा की तैयारी करने के लिए सहायता करेगी।

2. ऑनलाइन परीक्षा में बैठने से पूर्व आपको पूर्ण रूप से सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि आप विज्ञापन में निर्धारित पात्रता के मानदंडों को सभी प्रकार से पूरा करते हैं।

3. कृपया नोट करें कि यह एक प्रतियोगितात्मक परीक्षा है और इसमें उत्तीर्ण होना ही पर्याप्त नहीं । आगे की चयन प्रक्रिया के लिए पात्रता प्राप्त करने के लिए आपको मेरिट सूची में उच्च स्थान प्राप्त करना होगा । अतः परीक्षा के लिए आप पूरी मेहनत करें ।

## II. सामान्य अनुदेश

1. **नोट करने योग्य बातें :** कृपया बुलावा पत्र पर दिये हुए अपने परीक्षार्थी क्रमांक, परीक्षा तारीख, रिपोर्टिंग समय तथा स्थान को ध्यानपूर्वक नोट कर लें। कृपया यह भी नोट करें कि यह बुलावा पत्र किसी भी सहभागी संस्थाओं द्वारा रोजगार देने का प्रस्ताव नहीं है।

2. **उपस्थिति की पाबन्दी :** आपको चाहिए कि आप बुलावा पत्र में दिये गये समय से पहले परीक्षा भवन में उपस्थित हो जायें। देरी से आने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। इस संबंध में किसी भी बात पर विचार नहीं किया जाएगा ।

3. **बुलावा पत्र जमा करना :** परीक्षा देने के लिए परीक्षा केन्द्र पर आते समय इस **बुलावा पत्र के साथ अपनी फोटो पहचान के प्रमाण मूल रूप में और साथ में फोटोकापी अपने साथ अवश्य लाऐं । बुलावा पत्र न लाने या फोटो पहचान के प्रमाण मूल रुप में और साथ में फोटोकापी न लाने की स्थिति में आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी ।** ध्यान रहे आपको परीक्षा कक्ष में निरीक्षक के समक्ष बुलावा पत्र पर दिए गए संबंधित स्थान पर अपने बायें अंगूठे का निशान स्पष्ट रूप से लगाना है और हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से करने हैं। **परीक्षा कक्ष में निरीक्षक जब बुलावा पत्र एकत्रित करता है तब अपने बुलावा पत्र के साथ अपनी फोटो पहचान के प्रमाण की फोटोकापी ठीक प्रकार स्टेपल कर के उसे सौंप दें ।**

4. **अनुदेशों का पालन करना :** आपको परीक्षा देने के लिए बुलाया गया है इस लिए परीक्षा के दौरान परीक्षा प्रशासकों तथा निरीक्षकों द्वारा दी गई हिदायतों का आपको परीक्षा के सभी स्तरों पर अति सतर्कता से पालन करना होगा। अगर आपने इन हिदायतों का उल्लंघन किया तो आपको अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा तथा आपको परीक्षा भवन से चले जाने के लिए भी कहा जा सकता है।

5. निम्न वस्तुएं परीक्षा केंद्र के भीतर अनुमत नहीं होंगीं :–

   कोई भी स्टेशनरी आइटम जैसे पाठ्य सामग्री (मुद्रीत या लिखित), कागज के टुकड़े ज्यामेट्री/पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर । कोई भी संचार उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड आदि । अन्य वस्तुएं जैसे गॉगल्स, हैंडबैग, हेयर–पिन, हेयर–बैंड, बेल्ट, टोपी, कोई भी घड़ी/हाथ–घड़ी, कैमरा, धातु की कोई भी वस्तु, खुली हुई या पैक की गई कोई भी खाद्य सामग्री, पानी की बोतले । ऐसी कोई भी अन्य वस्तु, जिसका इस्तेमाल कैमरा, ब्यूटूथ उपकरणों आदि जैसे संचार उपकरणों को छिपाने के लिए अनुचित साधनों हेतु किया जा सके ।

   सभी आभूषण जैसे अंगूठी, बालियां, नोज़–पिन, चेन/नेकलेस, पेंडेंट, बैज, ब्रोच आदि की अच्छी तरह से जांच की जायेगी । जो उम्मीदवार नकल करते अथवा सहायता करते या सहायता लेते पाया जाएगा उसे अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।

6. जब तक आपको अनुमति न मिले तब तक अपनी सीट मत छोड़िये ।

7. **लेखन सामग्री का प्रयोग :** आप परीक्षा हॉल में अपने साथ लेखन सामग्री जैसे कि पेंसिल, रबड और एक बॉल पेन अवश्य लेकर आऐं ।

**8. कच्चा कार्य पुस्तिका पर करना :** आप सभी आवश्यक कच्चा कार्य दिए गए कागज पर करें।

**आपको चाहिए कि कमरा छोड़ने से पहले कच्चे काम के लिए दिया गया कागज निरीक्षक को सौंप दें।** यदि कोई उम्मीदवार इसे वापस नहीं करता है अथवा प्रश्न या उत्तर कमरे के अन्दर अथवा बाहर ले जाने अथवा देने का प्रयत्न करता हुआ पाया जाता है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और बैंक अपने नियमों के अनुसार उसके विरुद्ध आगे कार्यवाही कर सकती है।

**9. यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा :** परीक्षा के संबंध में यात्रा भत्ता या अन्य खर्चे नहीं दिए जाएँगे।

10. परीक्षा के संचालन में किसी समस्या की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है जिसकी वजह से रिजल्ट को जनरेट करना और/या सुपुर्द करना प्रभावित हो सकता है । इस वारदात के बाद पूरा प्रयास किया जाएगा कि समस्या का समाधान हो जाए जिसमें यदि आवश्यक हुआ तो दूसरी परीक्षा का संचालन किया जाना भी शामिल होगा ।

**मुख्य परीक्षा में :**

बायोमीट्रिक डाटा (दाएं अंगूठे का निशान) परीक्षा स्थल पर दो बार लिया जाएगा –परीक्षा से पहले और परीक्षा के बाद । इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए ।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो फिंगर प्रिंट (बायोमीट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें ।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूची हों । यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला दांया अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा कद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दूओं में से किस का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा ।)

## III. ध्यान देने योग्य महत्त्वपूर्ण बातें

**1.** आप अपने साथ निम्नलिखित वस्तुएं लेकर आएं :-

**(i) बुलावा पत्र पर हाल ही में खिंचाया हुआ पासपोर्ट आकार का अपना फोटो (जिसे ऑन लाइन अप्लीकेशन फार्म पर अपलोड किए जैसा ही होना चाहिए) चिपकाएं ।**

**(ii) फोटो लगा पहचान का प्रमाण मूल रूप में और साथ में फोटोकापी जैसे पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसिंस/वोटर्स कार्ड/फोटो सहित बैंक पासबुक/राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान प्रमाण (अधिकारिक लेटर हेड पर)/जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान प्रमाणं (अधिकारिक लेटर हेड पर)/मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों द्वारा जारी पहचान पत्र/फोटो सहित आधार कार्ड/कर्मचारी पहचान पत्र ।**

- कृपया ध्यान दें, राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान–प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।
- उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे वास्तविक राजपत्रित अधिसूचना/अपना वास्तविक विवाह प्रमाण पत्र/वास्तविक शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमत किया जाएगा ।

(iii) आप परीक्षा हॉल में अपने साथ लेखन सामग्री जैसे कि पेंसिल, रबड और एक बॉल पेन अवश्य लेकर आऐं ।

**2.** जब आपको परीक्षा **प्रारम्भ** करने का संकेत दिया जाये तो स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालय की परीक्षाओं की तरह सभी प्रश्न पढ़ने में अपना समय नष्ट मत कीजिए। ये प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं, अतः आप एक-एक प्रश्न को सावधानी से पढ़कर तुरन्त उसके उत्तर दर्शा दीजिए। यदि आपको कोई प्रश्न कठिन लगता है तो उस पर समय नष्ट मत कीजिए। उसे छोड़कर अगले प्रश्न का उत्तर दीजिये। छोड़े गए मुश्किल प्रश्नों को सबसे अन्त में, यदि समय बचे, तो हल किया जा सकता है।

**3.** यह आपके हित में है कि दिये हुए समय में से सभी प्रश्नावलियों के लिए उचित समय दें। किसी एक प्रश्नावली में बहुत अधिक समय लगाना उचित नहीं होगा क्योंकि इससे अन्य प्रश्नावलियों के लिए कम समय बचेगा।

महत्त्वपूर्ण

ऑनलाइन परीक्षा (प्रारंभिक/मुख्य) के समय या बाद में चयन प्रक्रिया के दौरान, यदि उम्मीदवार निम्न लिखित का दोषी हो (या पाया गया हो)–

(i) अनुचित साधनों के प्रयोग का या

(ii) किसी का हमशक्ल बन के आए या किसी को अपना हमशक्ल बना के भेजे या

(iii) परीक्षा कक्ष में दुर्व्यवहार करे या परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी को मौखिक लिखित किसी भी रूप में, इलेक्ट्रॉनिकली या मकैनिकली किसी भी उद्देश्य से, पूर्णतया या अंशतः प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाए या

(iv) चयन के लिए उसकी उम्मीदवारी के संबंध में अनियमित या अनुचित साधनों का सहारा ले या

(v) अनुचित साधनों से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करे या

(vi) परीक्षा/साक्षात्कार हाल में मोबाइल फोन या संचार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाए, तो ऐसा उम्मीदवार आपराधिक अभियोजन का भागी होने के अतिरिक्त निम्नलिखित का भागी होगा :

(अ) उस परीक्षा में अयोग्य ठहरा दिया जाएगा, जिसका वह उम्मीदवार हो ।

(ब) आई. बी. पी. एस. द्वारा ली जाने वाली किसी परीक्षा के लिए या तो हमेशा के लिए या विनिर्दिष्ट अवधि के लिए विवर्जित कर दिया जाएगा ।

सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आई.बी.पी.एस. उम्मीदवार के प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण करेगा । यदि इस संबंध में आई. बी. पी. एस द्वारा अपनाई गई विश्लेषणात्मक प्रक्रिया में यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त **अंक** वास्तविक/वैध नहीं हैं तो आई. बी. पी. एस बिना कोई कारण बताए ऐसे उम्मीदवारों (अयोग्य ठहराए गए) की उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार आरक्षित रखता है ।

**आपको निम्न सूचीबद्ध दस्तावेजों के बिना ऑनलाइन परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा ।**

**(i)** बुलावा पत्र पर हाल ही में खिंचाया हुआ पासपोर्ट आकार का अपना फोटो (जिसे ऑन लाइन एप्लीकेशन फार्म पर अपलोड किए जैसा ही होना चाहिए) चिपकाएं ।

**(ii)** फोटो लगा पहचान का प्रमाण मूल रूप में और साथ में फोटोकापी ।

## IV. ऑनलाइन परीक्षा

**I. प्रारंभिक परीक्षा :**

प्रारंभिक परीक्षा जिसमें ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ परीक्षा 100 अंक की होगी । यह परीक्षा 1 घंटे की होगी और निम्नानुसार 3 खण्ड होंगे :

| क्र. सं. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्न की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी भाषा | 30 | 30 | 20 मिनट |
| 2. | संख्यात्मक अभियोग्यता | 35 | 35 | 20 मिनट |
| 3. | तर्कशक्ति क्षमता | 35 | 35 | 20 मिनट |
| | **कुल** | **100** | **100** | |

उम्मीदवारों को प्रत्येक प्रश्नावली में निर्धारित कट–ऑफ अंकों के अनुसार प्रत्येक प्रश्नावली में उत्तीर्ण होना होगा । प्रत्येक उम्मीदवार को प्रत्येक प्रश्नावली में और कुल अंकों में से न्यूनतम अंक लेने होंगे ताकि उसे मुख्य परीक्षा में शॉर्टलिस्ट करने पर विचार किया जा सके । उपलब्ध रिक्तियों की संख्या पर निर्भर करते हुए कट ऑफ तय की जाएगी और उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा हेतु शॉर्टलिस्ट किया जाएगा । तथापि, इस संबंध में आई. बी. पी. एस. का निर्णय अभ्यर्थियों के लिए अंतिम और संबंधकारी होगा ।

**II. मुख्य परीक्षा :**

मुख्य परीक्षा में वस्तुनिष्ठ परीक्षा 200 अंकों की और वर्णनात्मक परीक्षा 25 अंकों की होगी । वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक ये दोनों परीक्षा ऑनलाइन होगी । उम्मीदवारों का वस्तुनिष्ठ परीक्षा चरण के बाद तुरंत वर्णनात्मक परीक्षा के जवाब कंम्प्यूटर पर टाइप करने होंगे । कारण कि वर्णनात्मक परीक्षा वस्तुनिष्ठ परीक्षा के बाद तुरंत शुरू होगी ।

**(i) वस्तुनिष्ठ परीक्षा :** 3 घंटे की वस्तुनिष्ठ परीक्षा में कुल 200 अंकों के 4 खंड होंगे । वस्तुनिष्ठ परीक्षा में प्रत्येक खंड के लिए अलग समय होगा । उम्मीदवारों को पासिंग अंक प्राप्त करके वर्णनात्मक परीक्षा में योग्यता प्राप्त करनी होगी, जिसे IBPS द्वारा निर्धारित किया जाएगा ।

| क्र. सं. | प्रश्नावली का नाम | परीक्षा का माध्यम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | प्रत्येक परीक्षा के लिए आबंटित समय (पृथक समय) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तर्क और कंप्यूटर अभिवृत्ति | अंग्रेजी एवं हिन्दी | 45 | 60 | 60 मिनट |
| 2. | डाटा विश्लेषण और विवेचन | अंग्रेजी एवं हिन्दी | 35 | 60 | 45 मिनट |
| 3. | सामान्य / अर्थव्यवस्था / बैंकिंग के बारे में जानकारी | अंग्रेजी एवं हिन्दी | 40 | 40 | 35 मिनट |
| 4. | अंग्रेजी भाषा | अंग्रेजी | 35 | 40 | 40 मिनट |
| | **कुल** | **155** | **200** | | |

**(ii) वर्णनात्मक परीक्षा :** वर्णनात्मक परीक्षा की अवधि 30 मिनट की होगी (25 अंक) और उसमें अंग्रेजी भाषा (पत्राचार और निबंध) की परीक्षा होगी । उम्मीदवारों को पासिंग अंक प्राप्त करके वर्णनात्मक परीक्षा में योग्यता प्राप्त करनी होगी, जिसे IBPS द्वारा निर्धारित किया जाएगा ।

**केवल उन्हीं उम्मीदवारों के वर्णनात्मक प्रश्नपत्रों का मूल्यांकन किया जाएगा जिन्होंने वस्तुनिष्ठ परीक्षा में प्रत्येक प्रश्नपत्र में पात्रता अंकप्राप्त किए होंगे और वस्तुनिष्ठ परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों का स्तर पर्याप्त होगा ।**

उम्मीदवारों को प्रत्येक प्रश्नावली में निर्धारित कट–ऑफ अंकों के अनुसार प्रत्येक प्रश्नावली में उत्तीर्ण होना होगा । प्रत्येक उम्मीदवार को प्रत्येक प्रश्नावली में और कुल अंकों में से न्यूनतम अंक लेने होंगे ताकि उसे साक्षात्कार में शॉर्टलिस्ट करने पर विचार किया जा सके । उपलब्ध रिक्तियों की संख्या पर निर्भर करते हुए कट ऑफ तय की जाएगी और उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु शॉर्टलिस्ट किया जाएगा । तथापि, इस संबंध में आई. बी. पी. एस. का निर्णय अभ्यर्थियों के लिए अंतिम और संबंधकारी रहेगा ।

### गलत उत्तरों के लिए दंड (प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा, दोनों के लिए लागू)

वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अंकित किए गए गलत उत्तरों के लिए दंड होगा । सही स्कोर को प्राप्त करने हेतु उम्मीदवार द्वारा दिए गए प्रत्येक गलत उत्तर के लिए, उस प्रश्न के लिए निर्दिष्ट अंकों से एक चौथाई अंक दंड के तौर पर काटे जाएंगे । यदि प्रश्न को छोड़ दिया हो अर्थात उम्मीदवार द्वारा किसी भी उत्तर को अंकित न किया गया हो, तो उस प्रश्न के लिए कोई दंड नहीं होगा ।

## नमूना प्रश्न प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा

नीचे कुछ नमूने के प्रश्न दिए गए हैं जो प्रत्येक प्रश्नावली में से चुने गये हैं । ये प्रश्न केवल उदाहरण के लिये हैं, व्यापक नहीं । अतः वास्तविक परीक्षा में आपको इनमें से कुछ या सभी प्रकार के प्रश्न मिल सकते हैं या वे भी मिल सकते हैं जिनका उदाहरण यहाँ नहीं दिया गया है ।

### अंग्रेजी भाषा

इस प्रश्नावली का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान की परीक्षा करना है। व्याकरण, शब्दावली, वाक्य पूर्ण करना, समानार्थी, विलोमार्थी, अनुच्छेद की बोधगम्यता आदि प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा की जाएगी। नीचे कुछ नमूने के प्रश्न प्रस्तुत हैं, उनका अध्ययन करें और उत्तर दें।

**निर्देश :** निम्नलिखित वाक्यों को सार्थक ढंग से पूर्ण करने के लिए वाक्यों के नीचे दिये गये शब्दों में से उपयुक्त शब्द का चयन करें ।

**प्र.1.** He quickly glanced .............................. the book to find what it said about the Indian economy.
(1) at (2) through (3) in (4) to (5) over

इसका ठीक उत्तर "through" है जिसकी उत्तर संख्या '2' है ।

**प्र.2.** The counsel urged the court to ........................... down the obnoxious law.
(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike (5) declare

**प्र.3.** The local official ........................... the Minister of the situation.
(1) explained (2) warned (3) apprised (4) told (5) intimated

**निर्देश :** कृपया प्रत्येक वाक्य पढ़कर यह पता करें कि क्या उसमें कोई व्याकरण संबंधी गलती है ? यदि कोई गलती हो तो वह वाक्य के किसी एक भाग में होगी । उस भाग का क्रमांक ही आपका उत्तर है । यदि वाक्य में कोई गलती नहीं है तो उत्तर (5) है ।

**प्र.4.** I am twenty (1) / two years old (2) / when I first (3) / joined the bank. (4) No error (5)

गलती (1) में है । अतः उत्तर '1' है ।

**प्र.5.** To the Hindus (1) / the Ganga is (2) / holier than (3) / any other river. (4) No error (5)

इस प्रश्न में कोई गलती नहीं है । अतः इस प्रश्न का ठीक उत्तर '5' है ।

**प्र.6.** Of all the teachers (1) / in our school (2) / our class teacher (3) / were very strict. (4) No error (5)

**निर्देश :** प्रत्येक प्रश्न में दिये गये पाँच विकल्पों में से ऐसा शब्द चुनें जो अर्थ की दृष्टि से बड़े अक्षरों में लिखे गये शब्द के अर्थ के समीप हो ।

**प्र.7.** LETHAL
(1) light (2) dangerous (3) deadly (4) cruel (5) thoughtless

**प्र.8.** CENTENARY
(1) a guard (2) a hundred years (3) a very old man (4) hundred runs (5) hundredth anniversary

**प्र.9.** TRIUMPH
(1) conquer (2) smash (3) earn (4) brave (5) capture

**निर्देश :** प्रत्येक प्रश्न में दिये गये पाँच विकल्पों में से ऐसा शब्द चुनें जो अर्थ की दृष्टि से बड़े अक्षरों में लिखे गये शब्द का विपरीतार्थी हो ।

**प्र.10.** LIVELY
(1) simple (2) weak (3) dull (4) angry (5) moron

**प्र.11.** INADVERTENT
(1) adequate (2) available (3) sluggish (4) negligent (5) intentional

**प्र.12.** INEPT
(1) accurate (2) skilful (3) sensible (4) artistic (5) apt

इसके अतिरिक्त आपकी अनुच्छेद की बोधगम्यता की परीक्षा के लिए अनुच्छेद पर आधारित प्रश्न होंगे ।

## संख्यात्मक अभियोग्यता / डाटा विश्लेषण और विवेचन

यह प्रश्नावली संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, संख्यात्मक तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालना आदि में आपकी गति एवं शुद्धता की जाँच के लिये है ।

**प्र.13–15.** निम्नलिखित सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**एक चयन परीक्षा में लिखित परीक्षा में 300 में से और साक्षात्कार में 100 में से उम्मीदवारों के प्राप्तांकों के अनुसार 1000 उम्मीदवारों का वर्गीकरण**

| लिखित परीक्षा अंक | साक्षात्कार के अंक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 से कम | 30–39 | 40–49 | 50–59 | 60–69 | 70 और अधिक |
| 260 और अधिक | 8 | 18 | 26 | 18 | 26 | 4 |
| 210 से 259 | 5 | 4 | 30 | 22 | 10 | 9 |
| 160 से 209 | 16 | 10 | 45 | 56 | 18 | 9 |
| 110 से 159 | 28 | 42 | 100 | 190 | 15 | 5 |
| 60 से 109 | 35 | 115 | 20 | 8 | 7 | 5 |
| 60 से कम | 32 | 32 | 20 | 4 | 6 | 2 |

**प्र.13.** कितने उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 69 प्रतिशत और अधिक अंक मिले हैं ?
(1) 22 (2) 49 (3) 13 (4) 9 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.14.** लगभग 325 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करना है तो उत्तीर्ण होने के लिए कितने प्रतिशत अंक होने चाहिए ?
(1) 20 से अधिक (2) 70 से अधिक (3) 36 से अधिक (4) 63 से अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.15.** लगभग 42 प्रतिशत उम्मीदवार साक्षात्कार के अंकों की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आते हैं ?
(1) 110–159 (2) 110 और कम (3) 50 से 70 (4) 50 और अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

कुछ प्रश्नों में अंकगणितीय तर्कशक्ति आवश्यक होगी । जैसे :

**प्र.16.** 10 पैसे प्रति नींबू के भाव से 6 नींबूओं की कीमत कितने पैसे होगी ?
(1) 6 (2) 10 (3) 60 (4) 610 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.17.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?
(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.18.** यदि 10 रुपये में एक पैन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है, तो पैन का मूल्य क्या है ?
(1) 3/– रु. (2) 5/– रु. (3) 10/– रु. (4) 20/–रु. (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

इसके अतिरिक्त आलेखों और सारणियों पर भी कुछ प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।

**प्र.19–21. निर्देश :** नीचे सारणी में कुल 700 में से कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो 6 विशेषताओं को दी गयी श्रेणियों के आधार पर है जिनसे पदोन्नति में सहायता मिलती है । श्रेणी । सबसे अधिक है । सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें :

| विशेषता | विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | I | II | III | IV | V | VI |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य क्षमता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.19.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?
(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) सामाजिकता (5) कार्य क्षमता

सारणी में श्रेणी **I** का प्रतिशत देखिये । आप देखेंगे कि वरिष्ठता को अधिकतम प्रतिशत दिया गया है। अतः आपका उत्तर है **वरिष्ठता** जिसका क्रमांक (2) है।

**प्र.20.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?
(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) 70 (5) 10

स्तंभ तथा पंक्ति के उस प्रतिछेदन की तरफ देखिये जहाँ पर श्रेणी III के लिये स्तंभ में प्रतिशत दिया है और बुद्धिमत्ता के लिये प्रतिशत पंक्ति में दिया गया है । आप देखेंगे कि 700 कर्मचारियों में से 10 प्रतिशत लोगों ने बुद्धिमत्ता विशेषता को श्रेणी III दी हैं । 700 कर्मचारियों का 10 प्रतिशत 70 है । अतः आपका उत्तर होगा क्रमांक (4) ।

**प्र.21.** पदोन्नति के लिए सबसे कम महत्त्वपूर्ण विशेषता किसे माना गया है ?
(1) ईमानदारी (2) बुद्धिमत्ता (3) अध्यवसाय (4) कार्य क्षमता (5) सामाजिकता

श्रेणी VI के प्रतिशत के संदर्भ में आपको पता चलेगा कि बुद्धिमत्ता को अधिकतम प्रतिशत दिये गये हैं । इसका अर्थ है कि अधिकांश लोग इसे सबसे कम महत्त्वपूर्ण मानते हैं और इसे अंतिम श्रेणी प्रदान करते हैं । अतः आपका उत्तर (2) है ।

## तर्कशक्ति क्षमता / तर्क और कंप्यूटर अभिवृत्ति

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह से सोच सकते हैं और कम्प्यूटर के साथ काम करने की आपकी अभिरूचि/ज्ञान संबंधी निर्णय लेने के लिये भी है । इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे । यहाँ नमूना के तैर पर प्रश्न दिये हैं ।

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, पांच अक्षर समूह या शब्द दिये गये हैं । इनमें से चार अक्षर समूहों या शब्दों में किसी न किसी प्रकार की समानता है जबकि एक भिन्न है । ज्ञात कीजिए कि कौनसा एक भिन्न है ।

**प्र.22.** (1) काला (2) लाल (3) हरा (4) रंग (5) पीला

उक्त पाँचों में 'काला', 'लाल', 'हरा' तथा 'पीला' एक समूह बनाते हैं क्योंकि वे सभी रंगों के नाम हैं । रंग किसी रंग का नाम नहीं हैं । अतः उत्तर (4) है ।

अब निम्नलिखित प्रश्न हल करने का प्रयास कीजिए ।

**प्र.23.** (1) BC (2) MN (3) PQ (4) XZ (5) ST

**प्र.24.** (1) आम (2) सेब (3) संतरा (4) अमरूद (5) गुलाब

**निर्देश :** नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न चिह्न लगा है । उसके नीचे दिये गये पाँच विकल्पों में से केवल कोई एक ही उस तरह के संबंध को प्रकट करता हैं जो कि प्रश्न में : : चिह्न के बायीं ओर वाले दो शब्दों में है । सही उत्तर ज्ञात कीजिये।

**प्र.25.** चरण : मनुष्य : : खुर : ?

(1) पैर (2) कुत्ता (3) घोड़ा (4) लड़का (5) जूता

उक्त उदाहरण में 'चरण' और 'मनुष्य' में जो संबंध है उसी के अनुसार 'खुर' का 'घोड़ा' विकल्प से है, अतः आपका उत्तर 3 है ।

अब निम्नलिखित प्रश्न हल करने का प्रयास कीजिए ।

**प्र.26.** दिन : रात : : दयालु : ?

(1) अंधेरा (2) प्रकाशमान (3) क्रूर (4) उदार (5) कृतज्ञता

**प्र.27.** झोपड़ी : महल : : खरगोश : ?

(1) गड्ढा (2) गाजर (3) हाथी (4) छोटा (5) चूहा

अब निम्नलिखित प्रश्न का अध्ययन कीजिए ।

**प्र.28.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X ।

(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.29.** 'कुछ नेता बेईमान होते हैं । सत्यप्रिय नेता है ।' इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?

(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं
(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) सत्यप्रिय कभी–कभी बेईमान हो जाते हैं

**प्र.30.** यदि 'A " B' का अर्थ है 'A में B जोडें', 'A ' B' का अर्थ है 'A में से B घटायें',
'A # B' का अर्थ है 'A को B से विभाजित करें' और 'A ✶ B' का अर्थ है 'A का B से गुणा करें'; तब निम्नलिखित में से कौनसा दो दिन के विक्रय का औसत है जब $S_1$ और $S_2$ क्रमशः पहले और दूसरे दिन के विक्रय हैं ?

(1) ($S_1$ ' $S_2$) # 2 (2) 2 # ($S_1$ " $S_2$) (3) ($S_1$ " $S_2$ # 2)
(4) ($S_1$ ✶ $S_2$) # ($S_1$ " $S_2$) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.31.** मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड अठारह वर्ष से अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति मतदान कर सकता है । बीस वर्ष पूर्व जन्मा हुआ मधु मतदान कर सकता है या नहीं यह पता लगाने के लिए निम्नलिखित में से और क्या जानकारी आवश्यक है ।

(I) मधु की जन्म तारीख (II) मधु मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड है या नहीं.

(1) केवल I (2) केवल II (3) या तो I और II (4) न तो I और नही II (5) I और II दोनों

**प्र.32.** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिये गए हैं । आपको दिए गए दोनों कथनों को सत्य समझना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से मेल न खाते हों । दोनों निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय किजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौनसा निष्कर्ष तर्कसंगत रुप से इन दोनों कथनों का अनुसरण करता है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों ।

कथन : सभी मशीन खिड़कीयां है । सभी खिड़कीयां बादल हैं ।

निष्कर्ष : I सभी मशीन बादल हैं ।
II सभी बादल मशीन हैं ।

(1) कोई अनुसरण नहीं करता है । (2) केवल I अनुसरण करता है । (3) I और II दोनों अनुसरण करते हैं ।
(4) केवल II अनुसरण करता है । (5) या तो I या II अनुसरण करता है ।

**प्र.33–34.** निम्नलिखित प्रश्नों में अंक एवं प्रतीक समूह को दी गई योजना और शर्तों के अनुसार अक्षर कोड देकर कोडबद्ध किया जाता है। आपको उस अक्षर कोड समूह के क्रमांक का पता लगाना है, जो अंक प्रतीक के संयोजन का सही ढंग से निरुपण करता है । उस अक्षर कोड का क्रमांक ही आपका उत्तर होगा । यदि कोई भी अक्षर कोड समूह सही न हो तो उत्तर (5) अर्थात 'इनमें से कोई नहीं' दीजिए ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंक/प्रतीक | : | 2 | $ | @ | 7 | 6 | # | 8 |
| अक्षर कोड | : | Q | B | H | L | F | M | T |

**शर्त :**

1. यदि पहला और अंतिम तत्व एक प्रतीक हो तो दोनों को 'A' कोड दिया जाएगा ।

2. यदि पहला तत्व एक सम अंक है और अंतिम तत्व एक प्रतीक है तो उनके कोड परस्पर बदले जाएँगे ।

**प्र.33**. 67@2#
(1) FLHQM (2) MLHQF (3) MLQHE (4) FLQHM (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.34.** $687#
(1) AFTLA (2) AFTLM (3) BFTLA (4) BFTLM (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**सामान्य / अर्थव्यवस्था / बैंकिंग के बारे में जानकारी**

यह प्रश्नावली समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अतीत और वर्तमान व्यक्तियों और घटनाओं के प्रति आपकी जागरूकता का पता लगाने के लिये है ।

**प्र.35.** काले धन को सफेद (वैध) करने (money laundering) के जोखिम का सामना करने के लिए निम्नलिखित में से किस वित्तीय संस्थान ने **अपने ग्राहक को जानों** (know your customer) योजना शुरू की है ?
(1) आईडीबीआई (IDBI) (2) भा.रि.बैं. (3) नाबार्ड
(4) सिडबी (SIDBI) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.36.** भारत में, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र ने, राज्यों की आय की वृद्धि तय करने में, अधिकतम योगदान दिया है ?
(1) ऊर्जा (2) पर्यटन (3) सेवा (4) परिवहन (5) कृषि

**प्र.37.** निम्नलिखित में से वह कौन सा राज्य है जिसमें गरीबी रेखा के नीचे रहनेवाले लोगों की संख्या अधिकतम हैं ?
(1) बिहार (2) आंध्र प्रदेश (3) उत्तर प्रदेश (4) राजस्थान (5) उड़िसा

**प्र.38.** निम्नलिखित में से कौनसा व्यक्ति ऑपरेशन फ्लड कार्यक्रम से नजदिकता से जुड़ा है और पद्म विभूषण से सन्मानित किया गया है ?
(1) डा. वी. कुरीयन (2) डा. एम्. एस्. स्वामीनाथन (3) डा. अमर्त्य सेन
(4) श्री एल्. के. अडवानी (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.39.** मौद्रिक नीति का संबंध __________ से है ?

(1) मुद्राकी आपूर्ति में परिवर्तन (2) वित्तिय लिखितों के क्रम –विक्रम (3) रोजगार घटाने होने
(4) (1), (2) और (3) सभी (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## ऑन-लाईन परीक्षा पैटर्न का विवरण

1. सर्वर पर घड़ी लगाई गई है तथा आपकी स्क्रीन के दाहिने कोने में शीर्ष पर काउंटडाउन टाइमर में आपके लिए परीक्षा समाप्त करने के लिए शेष समय प्रदर्शित होगा । परीक्षा समय समाप्त होने पर, आपको अपनी परीक्षा बंद या जमा करने की जरूरत नहीं है । यह स्वतः बंद या जमा हो जाएगी ।

2. स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :

   1 आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं ।

   2 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है ।

   3 आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं ।

   4 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है ।

   5 प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा ।

   6 प्रश्न "समीक्षा के लिए चिह्नित" की जांच नहीं की जाएगी, इसलिए अंक आवंटित नहीं किए जाएंगे ।

   पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

3. आप प्रश्न पैलेट को छुपाने के लिए, ">" चिन्ह पर क्लिक कर सकते है, जो प्रश्न पैलेट के बाईं ओर दिखाई देता है, जिससे प्रश्न विंडो सामने आ जाएगा । प्रश्न पैलेट को फिर से देखने के लिए, "<" चिन्ह पर क्लिक कीजिए जो प्रश्न विंडो के दाईं ओर दिखाई देता है ।

4. सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की भाषा को परिवर्तित करने के लिए आप को अपने स्क्रीन के ऊपरी दाहिने सिरे पर स्थित प्रोफाइल इमेज पर क्लिक करना होगा । प्रोफाइल इमेज को क्लिक करने पर आपको प्रश्न के अंतर्वस्तु को इच्छित भाषा में परिवर्तित करने के लिए ड्राप-डाउन मिलेगा ।

5. आपको अपने स्क्रीन के निचले हिस्से को स्क्रॉलिंग के बिना नेविगेट करने के लिए और ऊपरी हिस्से को नेविगेट करने के लिए पर क्लिक करना होगा ।

**<u>किसी प्रश्न पर जाना :</u>**

6. उत्तर देने हेतु कोई प्रश्न चुनने के लिए, आप निम्न में से कोई एक कार्य कर सकते हैं :

   a. स्क्रीन के दायीं ओर प्रश्न पैलेट में प्रश्न पर सीधे जाने के लिए प्रश्न संख्या पर क्लिक करें । ध्यान दें कि इस विकल्प का प्रयोग करने से मौजूदा प्रश्न के लिए आपका उत्तर सुरक्षित नहीं होता है ।

   b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सुरक्षित करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **Save & Next** पर क्लिक करें ।

   c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सुरक्षित करने के लिए, पुनर्विचार के लिए चिह्नित करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक करें ।

**प्रश्नों का उत्तर देना :**

7. बहुविकल्प प्रकार प्रश्न के लिए

   a. अपना उत्तर चुनने के लिए, विकल्प के बटनों में से किसी एक पर क्लिक करें ।

   b. चयनित उत्तर को अचयनित करने के लिए, चयनित विकल्प पर दुबारा क्लिक करें या **Clear Response** बटन पर क्लिक करें ।

   c. अपना उत्तर बदलने के लिए, अन्य वांछित विकल्प बटन पर क्लिक करें ।

   d. अपना अत्तर सुरक्षित करने के लिए, आपको **Save & Next** पर क्लिक करना जरूरी है ।

   e. किसी प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित करने हेतु **Mark for Review & Next** बटन पर क्लिक करें । यदि किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना हो जो कि पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया गया है, तब अंतिम मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

8. किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न का चयन करें, फिर नए उत्तर विकल्प पर क्लिक करने के बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक करें ।

9. उत्तर देने के बाद जो प्रश्न सुरक्षित हैं या पुनर्विचार के लिए चिह्नित हैं, सिर्फ उन पर ही मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा ।

**अनुभागों द्वारा प्रश्न पर जाना :**

10. इस प्रश्नपत्र में स्क्रीन के शीर्ष बार पर अनुभाग (Sections) प्रदर्शित हैं । किसी अनुभाग के प्रश्न, उस अनुभाग के नाम पर क्लिक करके देखे जा सकते हैं । आप वर्तमान में जिस अनुभाग का उत्तर दे रहे हैं, वह अनुभाग हाइलाइट होगा ।

11. किसी अनुभाग के लिए अंतिम प्रश्न के **Save & Next** बटन पर क्लिक करने के बाद, आप स्वचालित रूप से अगले अनुभाग के प्रथम पर पहुंच जाएंगे ।

12. आप परीक्षा में निर्धारित समय के दौरान किसी भी समय प्रश्नावलियों और प्रश्नों के बीच अपनी सुविधा के अनुसार आ–जा (शफल कर) सकते हैं ।

13. परीक्षार्थी संबंधित सेक्शन की समीक्षा को लीजेन्ड के भाग के रूप में देख सकते हैं जो हर एक सेक्शन में प्रश्न पॅलेट के ऊपर दिखाई देता है ।

## वर्णनात्मक प्रश्न पत्र के स्वरूप का विवरण

1. ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ परीक्षा के तत्काल बाद ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ वर्णनात्मक परीक्षा होगी ।

2. उम्मीद्वारों को वर्णनात्मक परीक्षा के जवाब कम्पयूटर पर टाइप करने होंगे ।

3. उम्मीद्वारों को की–बोर्ड के उपयोग की अनुमति होगी ।

4. उम्मीद्वारों के लिए Spellcheck की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी ।

5. उम्मीद्वार परीक्षा का पूरा समय जो कि 30 मिनट है, सम्पन्न होने पर ही अपना उत्तर पत्र submit कर सकते है ।

**********